## एक नजर

### प्राचार्य डॉ. मेहता ने दिलाई शपथ, रैली निकालकर किया संविधान का सम्मान

**इटारसी।** शासकीय महात्मा गांधी स्मृति स्नातकोत्तर महाविद्यालय, इटारसी में बुधवार को संविधान दिवस के उपलक्ष्य में एक गरिमापूर्ण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम राजनीति विज्ञान विभाग, भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ, एनएसएस और एनसीसी के संयुक्त तत्वावधान में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के संरक्षक एवं मार्गदर्शक, प्राचार्य डॉ. राकेश मेहता ने बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर के छायाचित्र पर माल्यार्पण करके किया। डॉ. मेहता ने अपने उद्बोधन में भारतीय संविधान को भारत का अमर प्राण बताते हुए कहा, यह वह पावन तिथि है जब हम अपने संविधान को न केवल स्मरण करते हैं, बल्कि हृदय से नमन करते हैं। यह वह ग्रंथ है जिसने एक परतंत्र भारत को एक सूत्र में बांधकर विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र बना दिया है। उन्होंने उपस्थित सभी लोगों को संविधान को जीवन में उतारने और अपने आचरण में लाने का संकल्प लेने का आग्रह किया। राजनीति शास्त्र की विभागाध्यक्ष श्रीमती सुशीला वरवडे ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि हमारा संविधान कोई पत्थर की लकीर नहीं, बल्कि एक जीवंत नदी है। उन्होंने कहा कि इसमें गांधीजी का अहिंसा दर्शन, नेहरू जी की आधुनिकता की चमक, सरदार पटेल की एकता का दृढ़ संकल्प और डॉ. अंबेडकर के सामाजिक न्याय के अमिट हस्ताक्षर शामिल हैं। उन्होंने कहा कि प्रस्तावना के शब्द हम भारत के लोग केवल लिखे नहीं गए हैं, बल्कि हर भारतीय के हृदय पर अंकित हैं, और आज का दिन आत्म-मंथन का अवसर है कि क्या हम वास्तव में संविधान के प्रति सच्चे हैं जिसने हमें समता का वरदान दिया है।

**उद्देशिका का वाचन और रैली**

कार्यक्रम के अंत में, प्राचार्य डॉ. राकेश मेहता ने सभी को भारतीय संविधान की उद्देशिका का वाचन करवाकर संविधान दिवस की शपथ दिलाई। इसके बाद, उन्होंने हरी झंडी दिखाकर रैली का शुभारंभ किया। यह रैली महाविद्यालय से प्रारंभ होकर नगर के मुख्य मार्ग से गुजरी। इस अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा मौलिक अधिकारों पर एक सेमिनार का भी आयोजन किया गया, जिसमें छात्र-छात्राओं ने अपने विचार रखे।

# पिछड़े वार्डों पर विशेष फोकस



**मतदाता सूची पुनरीक्षण, पिछडने वाले वार्डों पर विशेष फोकस, 4 दिसंबर तक कार्य पूर्ण करने का लक्ष्य.**

**नवभारत न्यूज**

**इटारसी, 27 नवम्बर** नर्मदापुरम जिले के इटारसी में गहन मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यक्रम को तय लक्ष्य तक पहुंचाने के लिए प्रशासनिक कवायद तेज कर दी गई है। लक्ष्य से पीछे चल रहे वार्डों में विशेष कैंप लगाकर कार्य में कसावट लाई जा रही है, जिसे 4 दिसंबर तक पूर्ण करने का सख्त निर्देश दिया गया है। प्रशासनिक अधिकारी लगातार इन विशेष शिविरों की मॉनिटरिंग कर रहे हैं। एसडीएम नीलेश शर्मा, तहसीलदार सुनीता साहनी, और सीएमओ ऋतु मेहरा स्वयं इन कैंपों का निरीक्षण कर रहे हैं।

**लक्ष्य प्राप्ति के लिए विशेष प्रयास**

पुनरीक्षण कार्य में आ रही परेशानियों को देखते हुए, विशेष रूप से पिछड़े हुए वार्ड क्रमांक 25 और 26 पर अधिक जोर दिया जा रहा है। इन वार्डों के निवासियों से अपील की गई है कि वे कैंप में आएं और अपनी समस्याओं से अवगत कराएं, ताकि उन्हें हर संभव मदद दी जा सके।

**विशेष कैंपों का विवरण**

गहन पुनरीक्षण के तहत अब तक लगाए गए और प्रस्तावित विशेष कैंपों एलकेजी में वार्ड 14, 15, 16, बाइबल कॉलेज के पास वार्ड 20, 21, अंबेडकर नगर चौराहा, मुस्कान संस्था के पास, न्यास कॉलोनी में वार्ड 11, 12, 13, 14 को कैंप हो चुके हैं। आज गुरुवार, 27 नवंबर को माइकल का बगीचा, शंकर मंदिर के पास, भगतसिंह नगर, नाला मोहल्ला में सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक विशेष शिविर आयोजित किया गया था। कल 28 नवंबर को युगांतर छात्रावास के पास लगेगा 24 25 26 वार्ड के लिए विशेष शिविर लगाया जाएगा। प्रशासन का कहना है कि 4 दिसंबर की समय सीमा को देखते हुए सभी नागरिकों को इन शिविरों का लाभ उठाना चाहिए ताकि कोई भी पात्र मतदाता सूची में शामिल होने से वंचित न रह जाए।

## नपा अध्यक्ष पंकज चौरे ने किया 4 वार्डों का निरीक्षण

**इटारसी।** नगर विकास को गति देने और जनसुविधाओं के कार्यों की प्रगति जानने के लिए नगरपालिका अध्यक्ष पंकज चौरे ने शहर के चार वार्डों का व्यापक निरीक्षण किया। विभिन्न वार्डों में जारी पार्क, नाली और पेवर ब्लॉक निर्माण कार्यों की गुणवत्ता और गति का निरीक्षण करते हुए उन्होंने संबंधित ठेकेदारों को समय पर और गुणस्तरीय कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। वार्ड क्रमांक 13 में पार्षद व सभापति अमृता मनीष ठाकुर के साथ नपाध्यक्ष ने दो पार्कों के निर्माण कार्य की स्थिति देखी। उन्होंने ठेकेदार को निर्देश दिए कि पार्क निर्माण कार्य में तेजी लाई जाए, गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता न हो, यहां नागरिकों ने पार्क निर्माण को लेकर प्रसन्नता जताई, वार्ड 06 दक्षिण बंगिलया में नाली निर्माण, वार्ड क्रमांक 06 के दक्षिण बंगिलया क्षेत्र में पार्षद जिमी कैथवास के साथ दो नालियों के निर्माण कार्य का निरीक्षण किया गया। कई वर्षों बाद नाली बनने पर नपा अध्यक्ष और पार्षद का धन्यवाद दिया।

# खारदा मार्ग पर बड़े पैमाने पर अवैध मिट्टी उत्खनन



**नवभारत न्यूज**

**सिवनी मालवा 27 नवम्बर** सिवनीमालवा विधानसभा के भीलटदेव के पास नहर किनारे ग्राम खारदा जाने वाले मार्ग पर बड़े पैमाने पर अवैध मिट्टी उत्खनन किए जाने का मामला सामने आया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, अज्ञात लोगों के द्वारा एक खेत में पोकलेन मशीन लगाकर लगातार मिट्टी खोदी जा रही है तथा उसे डंपरों में भरकर बाहर भेजा जा रहा है। डंपरों की निरंतर आवाजाही के कारण मुख्य मार्ग पर भी बड़े-बड़े गड्ढे बन गए हैं, जिससे राहगीरों को खतरा बढ़ गया है। बताया जा रहा है कि अवैध उत्खनन का दायरा इतना विस्तृत है कि लगभग 5 एकड़ से अधिक कृषि भूमि में गहरे गड्ढे बन चुके हैं। वहां खेत के बड़े हिस्से को पोकलेन मशीन से खोदकर मिट्टी हटाई जा रही है, जिससे जमीन की संरचना गंभीर रूप से प्रभावित हो रही है। ग्रामीणों ने प्रशासन से तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है। उनका कहना है कि इस तरह का अवैध उत्खनन न केवल शासन को राजस्व हानि पहुँचाता है, बल्कि उपजाऊ भूमि को भी बंजर बनाकर किसानों की आजीविका पर संकट खड़ा कर सकता है।

# आईएएस के बयान पर मचा बवाल, बर्खास्तगी की मांग

**नवभारत न्यूज**

**सिवनी मालवा 27 नवम्बर** आईएएस और अजाक्स के प्रदेश संयोजक संतोष कुमार वर्मा के कथित बयान ने राजनीतिक और सामाजिक माहौल में हलचल मचा दी है।

सिवनी मालवा में भी सर्व समाज के सदस्यों ने सड़क पर उतरकर आईएएस संतोष वर्मा के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करते हुए जमकर नारेबाजी की और पुतला दहन किया। सर्व ब्राम्हण समाज सहित सर्व समाज ने तीखा विरोध दर्ज कराते हुए इस बयान को सिविल सेवा की गरिमा के विपरीत बताते हुए अधिकारी के निलंबन, बर्खास्तगी और आपराधिक प्रकरण दर्ज करने की मांग की। आईएएस संतोष कुमार वर्मा के द्वारा ब्राह्मण समाज के प्रति की गई अभद्र टिप्पणी के विरोध में सर्व ब्राम्हण समाज सहित सर्व समाज ने तहसील कार्यालय के सामने आईएएस संजय वर्मा का पुतला दहन किया और मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन तहसीलदार को सोंपकर बर्खास्तगी की मांग करते हुए उग्र आंदोलन की चेतावनी दी। सर्व समाज ने इस बयान को अभद्र और जातिगत उकसावे वाला बताते हुए अधिकारी की डिग्री, आचरण और सेवा रिकॉर्ड पर गंभीर सवाल उठाए हैं। इसके साथ ही वर्मा पर कोर्ट को भ्रमित करने और अन्य व्यक्तिगत विवादों के भी आरोप लगाए गए हैं। इस अवसर पर सर्व ब्राम्हण समाज, राजपूत समाज, रघुवंशी समाज, ईसाई समाज सहित सर्व समाज के लोगों ने विरोध करते हुए कार्यवाही की मांग की।

### हिंदू समाज ने दुष्कर्मी को फांसी देने की मांग की

**बनखेड़ी, 27 नवम्बर** मध्यप्रदेश के रायसेन जिले के गैरतगंज थाना क्षेत्र में 21 नवंबर को एक 6 वर्षीय मासूम बच्ची के साथ हुए दुष्कर्म की घटना पर समूचे हिंदू समाज में भारी आक्रोश देखने को मिल रहा है। गुरुवार को, अखिल हिंदू समाज के तत्वावधान में बनखेड़ी के तहसीलदार के माध्यम से राष्ट्रपति को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में सख्त शब्दों में मांग की गई है कि अपराधी शाहबुद्दीन मंसूरी की तत्काल गिरफ्तारी की जाए, जो घटना के बाद से फरार है। गिरफ्तारी के बाद दोषी को फांसी की सज़ा दी जाए, ताकि भविष्य में कोई भी व्यक्ति इस तरह का जघन्य अपराध करने की हिम्मत न कर सके। पीड़ित बच्ची और उसके शोकसंतप्त परिजनों को शीघ्र न्याय और समुचित मुआवजा प्रदान किया जाए। ज्ञापन सौंपने पहुंचे आक्रोशित समाज के प्रतिनिधियों ने इस घटना को हिंदू समाज पर आघात बताया और प्रशासन से शीघ्र कार्रवाई करने की अपील की। उन्होंने कहा कि दुष्कर्म का आरोपी आज तक फरार है, जिसे हिंदू समाज घोर अन्याय मानता है और इसका पुरजोर विरोध करता है। बनखेड़ी में हिंदू समाज के सदस्यों ने एक स्वर में मांग की है कि प्रशासन इस मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्काल कार्रवाई करे।

## बीज दुकान पर निरीक्षण व सेम्पल के दौरान विवाद

**पिपरिया,** वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी व स्टाफ द्वारा माँ श्रीकृषि सेवा केन्द्र हथवांस में दुकान के निरीक्षण के दौरान बीज के सेम्पल लेने के लिये कहने पर दुकानदार द्वारा शासकीय कार्य में बाधा डालते हुए गालियां दी, मंगलवारा थाने में मंगलवारा थाने में शिकायत कर बताया कि वह स्वयं व ग्रामीण कृषि विकास अधिकारी बीएस उइके, चंद्रभान यादव के साथ माँ श्रीकृषि सेवा केन्द्र हथवांस बीज के नमूने लेने गये. दुकान का निरीक्षण कर एवं बीज का सेम्पल लेने का कहा गया

# ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति की बैठक संपन्न

**नवभारत न्यूज**

**बनखेडी, 27 नवम्बर** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद् की ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति चांदौन की बैठक सांसद के भाई प्रणवीर सिंह चौधरी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में विकासखंड समन्वयक श्रीमती सुखवती वर्मा ने परिषद् की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए बताया कि जन अभियान परिषद् शासन और समाज के बीच सेतु का कार्य करता है। उन्होंने कहा कि समाज सेवा की भावना से गठित प्रस्फुटन समितियाँ यदि ग्राम स्तर पर विकास संबंधी गतिविधियों को गंभीरता से क्रियान्वित करें तो उनका गठन सार्थक सिद्ध होगा। उन्होंने पर्यावरण संरक्षण, जल संचयन और स्वच्छता जैसे बुनियादी कार्यों को प्राथमिकता देने की अपील करते हुए कहा कि ऐसे कार्यों से समिति ग्राम में एक मिसाल प्रस्तुत कर सकती है। बैठक में समिति अध्यक्ष हरिओम पटैल, सचिव वीरेंद्र पटैल, परामर्शदाता मकरन सिंह कुशवाहा एवं गोबिंद पटैल उपस्थित रहे.




# किसानों को पाइपलाइन से पहली बार नर्मदा जल

**नवभारत न्यूज**

**हरदा, 27 नवम्बर** जिले को गुरुवार को एक बड़ी सौगात मिली। ग्राम सोनतलाई में शहीद इलाप सिंह माइक्रो उद्धव सिंचाई परियोजना के तहत खेतों में पाइपलाइन डालने का कार्य शुरू किया गया। इस परियोजना से जिले के 118 गांवों की लगभग 1 लाख एकड़ भूमि सिंचित होगी। यह सिंचाई परियोजना करीब 1 हजार करोड़ रुपए की लागत से तैयार की जा रही है। इस अवसर पर केंद्रीय राज्य मंत्री डीडी उइके और पूर्व कृषि मंत्री कमल पटेल उपस्थित रहे। इस योजना के माध्यम से किसानों को पहली बार पेयजल आपूर्ति की तरह पाइपलाइन के जरिए सीधे उनके खेतों में नर्मदा का पानी मिलेगा। अब तक इन गांवों में सिंचाई का एकमात्र साधन बोरिंग था, जिसमें लाखों रुपए खर्च होते थे और अक्सर पानी भी नहीं मिलता था। नर्मदा जल की उपलब्धता से सिंचाई का खर्च कम होगा और किसानों की आय में वृद्धि होगी। केंद्रीय राज्य मंत्री उइके ने इस योजना का श्रेय पूर्व मंत्री कमल पटेल को दिया। उन्होंने बताया कि पहले इस योजना में सिंचाई का रकबा कम शामिल था, लेकिन अब यह लगभग एक लाख हेक्टेयर में सिंचाई करेगी, जिससे जिले में समृद्धि आएगी। पूर्व मंत्री कमल पटेल ने कहा कि कांग्रेस शासनकाल में किसानों को सिंचाई, बिजली और सड़क जैसी बुनियादी सुविधाएं नहीं मिलती थीं। उन्होंने बताया कि प्रदेश और देश में भाजपा सरकार होने के कारण हरदा जिला शत-प्रतिशत सिंचित होने जा रहा है, जो उनका तीस वर्षों का सपना था। इस अवसर पर वीर शहीद इलाप सिंह के बड़े भाई का सम्मान भी किया गया। पटेल ने कहा कि जब किसानों के खेतों में नर्मदा जल से सिंचाई होगी, तो हर खेत में वीर शहीद इलाप सिंह के बलिदान की खुशबू महकेगी।

## सोने-चांदी के जेवर व नगदी ले गये चोर

**पिपरिया** बनखेडी रोड टोल नाके के पास कांग्रेस नेता व गार्डन संचालक श्यामबिहारी पालीवाल के यहां अज्ञात चोरो द्वारा मंगलवार रात 9 व 10 बजे के दरम्यान सात तौले के लगभग सोने के जेवर व 10 हजार रूपये नगद राशि चुराकर ले गये। टोल नाके के पास निवास करने वाले श्यामबिहारी पालीवाल मंगलवार रात्रि में 9 बजे के लगभग निवास से लगे सिद्धिका पैलेस में वैवाहिक कार्यक्रम अटैंड करने पत्नी के साथ गये हुए थे वही पुत्र युवा कांग्रेस नेता प्रशांत पालीवाल गार्डन आफीस में था.

# कार्यालय नगरपरिषद बनखेड़ी जिला - नर्मदापुरम म.प्र.

क्रमाक /2803/राज./न.पं/2025 — बनखेडी, दिनाक14.11.2025

पता- वार्ड क्रमांक 13 झंड़ा चौक स्थित सर्वसुविधा युक्त शॉपिंग काम्प्लेक्स 461990

**- ई-निविदा चतृर्थ सूचना -**

सर्वसाधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है, कि नगर परिषद बनखेड़ी द्वारा नगर परिषद स्वामित्व एवं अधिपत्य की वार्ड कमांक 13 झंडा चौक स्थित सर्वसुविधा युक्त शॉपिंग काम्प्लेक्स में 17 दुकानों को 30 वर्ष के लिये अचल संपत्ति अंतरण नियम 2016 के प्रावधानों के अंतर्गत उपयोग का अधिकार निर्धारित मासिक किराया एवं अधिकतम प्रीमियम राशि के आधार पर दिये जाने हेतु निम्नलिखित शर्तों के अंतर्गत ई-निविदा साईड www.mptenders.gov.in पर चतुर्थ ऑफर आमंत्रित किये जा रहे है। इस कार्य हेतु इच्छुक व्यक्ति सूचना प्रकाशन की दिनांक 15/11/2025 दोपहर 02.00 बजे से निविदा फार्म का 2000/-रु जमा कर नगर परिषद की राजस्व शाखा से प्राप्त कर सकते हैं, प्रतिभूति निक्षेप (सुरक्षा निधी) की राशि पृथक-पृथक दुकान हेतु प्रीमियम राशि के मूल्य की 2.5 प्रतिशत राशि बैंक ड्राफ्ट मुख्य नगरपालिका अधिकारी नगर परिषद बनखेड़ी के पक्ष में जमा की जाना है। दुकानों का विवरण निम्नानुसार है-

| क्रं. | ई निविदा क्रमांक | दुकान क्रं | आरक्षण का प्रकार | दुकान का साईज (वर्गमीटर में) | दुकान का अनुमानित लागत मूल्य | प्रतिभूति निक्षेप अमानत राशि (2.5 प्रतिशत) प्रति दुकान | ई-टेण्डर प्रपत्र राशि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2025_UAD_462987_1 | 03 | अनारक्षित श्रेणी | 7.59 व.मी. | 380000/- रू. | 9500/- रू. | 2000/- रू. |
| 2. | 2025_UAD_462993_1 | 04 | अनारक्षित श्रेणी | 7.59 व.मी. | 380000/- रू. | 9500/- रू. | 2000/- रू. |
| 3. | 2025_UAD_462983_1 | 08 | दिव्यांग मुक्त | 7.59 व.मी. | 380000/- रू. | 9500/- रू. | 2000/- रू. |
| 4. | 2025_UAD_462995_1 | 14 | अ.जा.महिला | 7.59 व.मी. | 380000/- रू. | 9500/- रू. | 2000/- रू. |
| 5. | 2025_UAD_462996_1 | 15 | अ.ज.जा. | 7.59 व.मी. | 380000/- रू. | 9500/- रू. | 2000/- रू. |

**प्रथम तल**

| क्रं. | ई निविदा क्रमांक | दुकान क्रं | आरक्षण का प्रकार | दुकान का साईज (वर्गमीटर में) | दुकान का अनुमानित लागत मूल्य | प्रतिभूति निक्षेप अमानत राशि (2.5 प्रतिशत) प्रति दुकान | ई-टेण्डर प्रपत्र राशि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2025_UAD_462997_1 | 17 | अ.जा. | 7.59 व.मी. | 323000/- रू. | 8075/- रू. | 1000/- रू. |
| 2. | 2025_UAD_463000_1 | 18 | अ.ज.जा | 7.59 व.मी. | 323000/- रू. | 8075/- रू. | 1000/- रू. |
| 3. | 2025_UAD_463001_1 | 19 | अ.ज.जा. महिला | 7.59 व.मी. | 323000/- रू. | 8075/- रू. | 1000/- रू. |
| 4. | 2025_UAD_463004_1 | 20 | अनारक्षित श्रेणी | 7.59 व.मी. | 323000/- रू. | 8075/- रू. | 1000/- रू. |
| 5. | 2025_UAD_463006_1 | 21 | अ.पि.वर्ग | 7.59 व.मी. | 323000/- रू. | 8075/- रू. | 1000/- रू. |
| 6. | 2025_UAD_463007_1 | 22 | अ.ज.जा | 7.59 व.मी. | 323000/- रू. | 8075/- रू. | 1000/- रू. |
| 7. | 2025_UAD_463009_1 | 23 | अ.जा. | 7.59 व.मी. | 323000/- रू. | 8075/- रू. | 1000/- रू. |
| 8. | 2025_UAD_463011_1 | 24 | अनारक्षित | 7.59 व.मी. | 323000/- रू. | 8075/- रू. | 1000/- रू. |
| 9. | 2025_UAD_463013_1 | 25 | अ.पि.वर्ग | 7.59 व.मी. | 323000/- रू. | 8075/- रू. | 1000/- रू. |
| 10. | 2025_UAD_463015_1 | 26 | अनारक्षित श्रेणी | 7.59 व.मी. | 323000/- रू. | 8075/- रू. | 1000/- रू. |
| 11. | 2025_UAD_463018_1 | 27 | अनारक्षित श्रेणी | 7.59 व.मी. | 323000/- रू. | 8075/- रू. | 1000/- रू. |
| 12. | 2025_UAD_463020_1 | 28 | अनारक्षित महिला | 7.59 व.मी. | 323000/- रू. | 8075/- रू. | 1000/- रू. |

शर्ते - (1). निविदा ऑनलाईन क्रय तथा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 19.12.2025, (2). निविदा खोलने की दिनांक 22/12/2025 (3). अन्य किसी प्रकार का संशोधन निविदा में ऑन लाईन पोर्टल पर किया जावेगा. पृथक से विज्ञप्ति जारी नही की जावेगी. समस्त प्रकाशन ऑन लाईन पोर्टल पर किया जायेगा। (4). नियम एवं शर्ते कार्यालय समय पर कार्यालय नगर परिषद बनखेड़ी के राजस्व शाखा में देखी जा सकती है.

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर परिषद बनखेडी**

## पीडिता को मिले न्याय

**सेमरी हरचंद-** गोहरगंज में मासूम के साथ हुए अत्याचार को लेकर बजरंग दल नगर 21 सेमरी हरचंद के साथ समस्त सामाजिक संगठनों ने पीड़िता को न्याय दिलाने एवं दुराचारी सलमान को फांसी की सजा दिलाने की मांग को लेकर नगर के पीपल चौक पर एकत्रित होकर दुराचारी सलमान कि जल्द से जल्द गिरफ्तारी की मांग की गई और उसका पुतला फूंका। प्रदर्शन में बजरंग दल प्रांत सुरक्षा प्रमुख श्रीकांत पटेल जिला मंत्री रोहित ठाकुर जिला सहसंयोजक रूपेश रघुवंशी प्रखंड अध्यक्ष सौरभ मड़वार नगर महामंत्री देव मीना आदि थे.

## आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने विक्रेता श्रीराम यादव आत्मज रामकिशन यादव निवासी ग्राम सहेली तहसील इटारसी वालो के मालिकाना हक स्वामित्व एवं आधिपत्य की संपत्ति जायदाद बाके मौजा ग्राम केसला तहसील इटारसी का प.ह.न. 43 का भूमि खसरा नबंर 478/2/4, 478/2ख, 480/2ख, 481/2घ, 482/2घ, 483/2घ, 485/2ख/4, 490/2घ का कुल जुमला रकबा 1.1140 हेक्टेयर में से 3000 वर्गफुट अपरिवर्तित भूमि है, जिसकी चर्तुथ सीमा उत्तर में विक्रेता की शेष भूमि, दक्षिण में -भूमकापुर रोड, पूर्व में विक्रेता द्वारा छोडा गया 10 फुट का रास्ता, पश्चिम में- शासकीय भूमि जो कि ग्राम केसला तहसील इटारसी जिला नर्मदापुरम म.प्र. में स्थित संपत्ति का सौदा तय कर उसकी बयाना/अग्रिम राशि मेरे पक्षकार से गवाहो के समक्ष विक्रेता ने प्राप्त कर उक्त संपत्ति का विक्रय अनुबंध पत्र मेरे पक्षकार के पक्ष में निष्पादित कर दिया है। यह कि उक्त संपत्ति पर कोई शासकीय, गैर शासकीय, अशासकीय, बैंक अथवा हाउसिंग फायनेंस, वित्तीय संस्था या किसी अन्य व्यक्ति का कर्ज या किसी को कोई आपत्ति या हित प्रभावित हो या उक्त वर्णित संपत्ति का अनुबंध, विक्रय, दान, बधंक, गिरवी, वसीयत, हंस्तातरण इत्यादि हो तो वह इस आम सूचना प्रकाशन के 15 (पन्द्रह) दिवस की अवधि में मेरे कार्यालय में मय दस्तावेज सहित उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रस्तुत करे समयाविधि गुजरने के पश्चात कोई आपत्ति मान्य नही होगी, और मेरा पक्षकार उक्त संपत्ति का विक्रय पत्र अपने पक्ष में पंजीकृत कराने के लिये स्वतंत्र रहेगा। सूचना जाने

दिनॉक 26/11/2025

मनोहर प्रजापति नोटरी अधिवक्ता
इटारसी, मोबाईल नबंर - 9302169366
राजेश कुमार साहू
मोबाईल नबंर - 7566179066
कार्या. पता आठवी लाईन इटारसी

